
पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेश भट्ट।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में कोरोना के 24 नए मामले, 27 हुए स्वस्थ

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में गुरुवार को कोरोना के 24 नए मामले आए, वहीं 27 मरीज स्वस्थ हुए हैं। अच्छी बात ये है कि पिछले नौ दिन से राज्य में कोरोना के कारण किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। सूबे में अभी 533 कोरोना के एक्टिव केस हैं।

### 23 अगस्त से शुरू होगा उत्तराखंड विधानसभा का मानसून सत्र

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विस का मानसून सत्र 23 अगस्त से शुरू होगा। 23 अगस्त को सुबह 11 बजे से सदन की कार्यवाही शुरू होगी। पहले दिन सदन के पटल पर अध्यादेश रखे जाएंगे। 27 अगस्त को सत्र का अंतिम दिन होगा।

### व्यापारियों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

**संवाददाता** देहरादून। राज्य में चारधाम यात्रा शुरू न किए जाने को लेकर राज्य के व्यापारियों में भारी नाराजगी है उनका आरोप है कि राज्य सरकार चारधाम यात्रा शुरू करने के प्रति लापरवाह बनी है। लगातार दो साल तक चारधाम यात्रा को रोके जाने से व्यापारियों की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है, लेकिन सरकार को उनकी कोई चिंता नहीं है। व्यापारियों का कहना है कि अगर सरकार ने शीघ्र चारधाम यात्रा को शुरू नहीं किया तो वह विधानसभा के चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

### भाजपा कोरोना से लड़ने को तैयार करेगी 25 हजार स्वयंसेवकः भट्ट

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के प्रदेश महामन्त्री सुरेश भट्ट ने कहा कि कोरोना की सम्भावित तीसरी लहर को देखते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक अभियान के तहत शुक्रवार 6 अगस्त को देहरादून में प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत सहित दुनियाँ वैश्विक महामारी कोरोना से ग्रस्त है। भारत अपने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में इस महामारी का मजबूती से मुकाबला कर रहा है।

### होंडा कार्स इंडिया ने नई अमेज के लिए लॉन्चं से पूर्व शुरू की बुकिंग

**संवाददाता** देहरादून। भारत में प्रीमियम कारों की प्रमुख निर्माता होंडा कार्स इंडिया लि. 18 अगस्तं, 2021 को नई होंडा अमेज को लॉन्च करेगी। नई अमेज स्टाइलिश नए लुक, आकर्षक एक्सटीरियर बदलावों और बेहतर इंटीरियर्स के साथ आएगी। कंपनी ने आज पूरे देश में सभी अधिकृत होंडा डीलरशिप पर नई कार के लिए 21,000 रुपये की बुकिंग राशि के साथ प्री–बुकिंग की शुरुआत की है।

# स्वरोजगार के लिए 1 से 15 सितम्बर तक जनपदों में लगेंगे कैम्प

**निर्देश**

30 सितम्बर तक सभी सही पाए जाने वाले आवेदकों के लोन स्वीकृत करें

■ मुख्यमंत्री ने स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा की, निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरे करने के निर्देश

■ आवेदनों का निस्तारण करते हुए लोन स्वीकृति की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 01 से 15 सितम्बर तक जनपदों में जो कैंप लगाये जायेंगे, उनमें जिलास्तरीय अधिकारी और बैंक के अधिकारी सभी आवेदनों का निस्तारण करते हुए लोन स्वीकृति की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। 30 सितम्बर तक सभी सही पाए जाने वाले आवेदकों के लोन स्वीकृत कर दिये जाएं। लोन के लिए बैंकों में प्राप्त आवादनों के शीघ्र निस्तारण के लिए बैंक के वरिष्ठ अधिकारी ब्रांच स्तर तक लगातार मॉनिटरिंग करें। आवेदकों को व्यर्थ चक्कर न काटने पड़ें।



उन्होंने कहा कि सभी योजनाए धरातल पर दिखनी चाहिए। समाज के अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं पहुंचे, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। योजनाओं का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय। सरकार जनता के द्वार पहुंचकर जन समस्याओं का समाधान करेगी।

**स्वरोजगार के लिए विभागों को दिए गए लक्ष्यः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत स्वरोजगार से संबंधित मुख्य विभागों को लक्ष्य दिये। ग्राम्य विकास विभाग, समाज कल्याण, कृषि, पशुपालन, शहरी विकास, उद्योग एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा की। उन्होंने इन सभी विभागों को लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए इस वर्ष के टारगेट दिये।

ग्राम्य विकास विभाग को 10 हजार, समाज कल्याण को विभाग को 1500, पशुपालन विभाग को 04 हजार, शहरी विकास को 26 हजार, उद्योग विभाग को 4500 एवं पर्यटन विभाग को 500 का लक्ष्य दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभाग विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कार्यवाही में तेजी लाएं।

उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए विभागों द्वारा सक्सेस स्टोरी बनाई जाय और लोगों को जागरूक किया जाय।

बैठक में अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव एल. फैनई, सचिव अमित नेगी, आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलैश बगोली, श्रीमती राधिका झा, रंजीत सिन्हा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

> *समाज के अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं पहुंचे, यह हम सबकी जिम्मेदारी है।*
> –पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री।

### पोर्टल बेस्ड एप्रोच पर काम करें विभागः मुख्य सचिव

मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में और तेजी लाई जाय। योजनाओं का जन–जन तक लाभ पहुंचे यह सभी अधिकारियों की सामुहिक जिम्मेदारी है। लाभार्थियों के आवेदनों की कमियों का त्वरित निस्तारण कर उनको योजनाओं का लाभ दिया जाय। कार्यों में तेजी लाने के लिए सभी विभाग पोर्टल बेस्ड एप्रेच पर काम करें।

# सड़कों को गड्ढामुक्त रखने हेतु योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें

**बैठक**

■ उच्च प्राथमिकता में लेते हुए सड़क सुधारीकरण के कार्य पूर्ण करेंः सीएस

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ.एस. एस.सन्धु ने उनके सचिवालय सभागार में प्रदेश में सड़कों को पेचलैस मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में सम्बन्धित विभागों को उपरोक्त दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एनएचआई, एनएचएआई और बीआरओ के विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में जहाँ पर यातयात अधिक है और सड़कों की कंडीशन भी खराब हैं उनको उच्च प्राथमिकता में लेते हुए सड़क सुधारीकरण के कार्य पूर्ण करें। उसके पश्चात् सड़क की दशा के अवरोही (घटते) क्रम में सुधारीकरण के कार्य पूर्ण करें। उन्होंने चारों विभागों के अधिकारियों से सड़कों की वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सडक सीमा संगठन तीनों विभागों की सड़कों की वस्तुस्थिति और सुधारीकरण कार्य की गुणवत्ता का ड्रोन सर्वे कराते हुए शीघ्रता से रिपोर्ट प्रस्तुत करें।



मुख्य सचिव ने निर्माणदायी विभागों और एजेंसियों को सड़क की वास्तविक दशा और सुधारीकरण की जरूरत के अनुसार पुनर्निर्माण और सुधारीकरण के प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान ये सुनिश्चित करने को कहा कि सडक पर यातायात के आवागमन में और लोगों को मूवमेंट के दौरान अनावश्यक परेशानी ना हो। अव्यवस्थित तरीके की कार्यप्रणाली को स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने विभागों से सड़क को पेचलैस करने और सुधारीकरण की हेतु टाइमलाइन तय करते हुए निर्धारित अवधि में उस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने सडकों की रियल टाइम मॉनिटरिंग करने हेतु रोड असेस्मेंट सॉफ्टवेयर को एक्टिव करते हुए सभी स्टेटस को ऑनलाइन मोड पर प्रजेंट करने को कहा।

### लाखों की चोरी में नौकर गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। लाखों के जेवरात व नगदी चोरी मामले में पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद एक चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से लाखों के जेवरात व नगदी बरामद की है। चोर का दूसरा साथी फरार है जिसकी तलाश में छापेमारी जारी है। दोनों आरोपी पीड़ित परिवार के घरेलू नौकर बताये जा रहे है। जिन्होने मौका पाकर चोरी की इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया था। जानकारी के अनुसार एक अगस्त को रविकान्त गुप्ता निवासी विला किशनपुर द्वारा थाना राजपुर पर तहरीर देकर बताया गया था कि उनके घरेलू नौकर किरन सिंह व प्रेम कुमार निवासी नामालूम द्वारा उनके घर से 35000 रूपये व लाखों की ज्वैलरी चोरी कर ली गयी है। आरोपियों का पता ठिकाना न होने के बावजूद पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर उनके विषय में जानकारी लेना शुरू की तो इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि उक्त चोरी में शामिल एक चोर गुरुग्राम हरियाणा में देखा गया है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।